तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री


हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 4 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 वनांचल के स्कूलों में बिगड़ी शिक्षा व्यवस्था







## जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण हेतु किया गया है आबंटन

# गुलाब कॉलोनी को खाली कराने अधिवक्ताओं ने दिया गुलाब फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 13 शासकीय आवास को खाली कराने जारी हुआ है नोटिस

जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण को लेकर सोमवार को अधिवक्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया है। परिसर से लगी न्यायालय की जमीन को खाली कराने के लिए अधिवक्ताओं ने गुलाब कॉलोनी में जाकर वहां शासकीय आवास में रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही कलेक्टर को गुलाब का फूल भेंट किया है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम द्वारा जारी आदेश के तहत एक सप्ताह में आवास खाली करने की मांग की है और मांग पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

विदित हो कि जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन निर्माण हेतु शासन की ओर से 46 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई ही और दो वर्षों से भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण कार्य लंबित है। इस बीच कलेक्टर ने भवन निर्माण हेतु अनेकों विवादित भूमियों का आबंटन किया गया। हाल ही में न्यायालय भवन निर्माण हेतु कलेक्टर ने चठिरमा में भूमि का आबंटन कर दिया था जिसके बाद अधिवक्ताओं का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने 17 अक्टूबर को काम बंद कलम बंद का आह्वान करते हुए हड़ताल कर दिया था। इस हड़ताल के कारण पूरा न्यायालयीन काम काज ठप हो गया था। इस दौरान कलेक्टर की ओर से अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया गया था कि न्यायालय भवन का निर्माण वर्तमान स्थल पर ही कराया जाएगा और अतिरिक्त भूमि के लिए न्यायालय के लिए आबंटित गुलाब कॉलोनी को खाली कराया जाएगा लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी कॉलोनी को खाली नहीं कराया गया। संघ के जिलाध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया कि न्यायालय भवन के लिए अनुमोदित नक्शा के तहत वर्तमान स्थल पर ही निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है। न्यायालय भवन शहर के बीच में रहने से लोगों को सुविधा होगी जबकि चठिरमा में भवन निर्माण होने से नागरिकों और अधिवक्ताओं दोनों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



कलेक्टोरेट परिसर में गुलाब फूल के साथ अधिवक्ता।

### कॉलोनी में है कुल 13 आवास

बताया जा रहा है कि गुलाब कॉलोनी में रकबा 0.20 एकड़ में शासकीय आवास का निर्माण किया गया है। इन आवासों में वर्षों से शासकीय कर्मचारी निवास कर रहे है और वर्तमान में उक्त आवास में व्याख्याता, न्यायालय प्रबंधक सिविल कोर्ट, सहायक ग्रेड 2 राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग, जिला कार्यालय, जनसंपर्क अधिकारी, सिविल कोर्ट के कर्मचारी के 13 कर्मचारी और उनके परिवार के लोग निवास रत है। उक्त आवास को खाली करने के लिए एसडीएम द्वारा 22 अक्टूबर को सभी को नोटिस भी जारी किया गया है लेकिन आवास खाली नहीं हुआ। ऐसे में जिला अधिक्वता संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी, संघर्ष समिति के अशोक सिंह, सदस्य अली अहमद रिजवी सहित अन्य ने विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कलेक्टर के साथ ही आवास में रहने वाले परिवारों को गुलाब का फूल भेंट कर उनसे आवास खाली करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि यदि एक सप्ताह के भीतर आवास खाली नहीं होता है वे फिर से हड़ताल और आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे।

# जंगल के रास्ते पिकअप से कर रहे थे खैर लकड़ी की तस्करी, वनकर्मियों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पिकअप में लोड थे एक-एक मीटर लंबे 61 लट्ठे
- होगी राजसात करने की कार्रवाई

मुखबीर की सूचना पर वन परिक्षेत्र धमनी के वनकर्मियों एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने रेंजर अजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में खैर लकड़ी लोड एक पिकअप को पकड़ा है। पिकअप में छाल उखाड़े गए एक मीटर लम्बे खैर के 61 लट्ठे लोड थे जिसे तस्कर जंगल के रास्ते बनारस ले जा रहे थे। ग्रामीणों की सजगता के कारण तस्कर वन अमले के चंगुल में फंस गए। जब्त वाहन को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है।

दो दशक पूर्व तक सरगुजा के जंगलों में बहुतायत में मिलने वाली खैर प्रजाति के पेड़ों का पूरी तरह सफाया हो गया है। दूरस्थ क्षेत्रों में राजस्व के जंगल में खैर के कुछ पेड़ बचे हैं जिसका तस्कर तेजी से सफाया कर रहे हैं। रविवार को शाम ग्राम चेरा के ग्रामीणों को पिकअप से खैर लकड़ी की तस्करी करने की सूचना वन अधिकारियों को दी। सूचना पर वन परिक्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने अलग-अलग तीन टीमें गठित कर बनारस जाने के संभावित तीन मार्गों पर तैनात किया। इधर ग्राम चेरा के ग्रामीण भी अलग-अलग टोलियां बनाकर तस्करी में संलग्न वाहन पर नजर रखे थे। शाम लगभग 7 बजे चेरा-वरूणापारा मार्ग से गुजर रहे पिकअप क्रमांक यूपी 64 एडी 3564 को गुजरते देख वनकर्मियों ने घेराबंदी कर रोका तथा वाहन की जांच की तो वाहन में छाल उतारे गए एक मीटर लम्बे 61 लट्ठे मिले। वाहन स्वामी बलंगी निवासी गणेश जायसवाल पिता राम जायसवाल एवं वाहन चालक ग्राम धाधरा, बमनी निवासी दिनेश कुमार पिता विश्वनाथ (22 वर्ष ) मौजूद थे। वन अधिकारियों ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर वन अधिनियम की धारा 33 (1) छत्तीसगढ़ राज्य अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 22 (1) एवं छत्तीसगढ़ वनोपज व्यापार विनिर्दिष्ठ अधिनियम की धारा 5 (1) के तहत जब्त वाहन को राजसात करने हेतु प्रकरण प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत किया है। तस्करों से यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि खैर की लकड़ी कहा से ला रहे थे। वनों में खैर की लकड़ी उपलब्ध नहीं होने के करण राजस्व जंगल से लकड़ी तस्करी करने की संभावना जताई जा रही है। कार्रवाई में उपवन मंडलाधिकारी प्रेमचंद्र मिश्रा, रेंजर अजय कुमार वर्मा, परिक्षेत्र सहायक सुरेश प्रसाद यादव, वनरक्षक मनदेव प्रसाद गुप्ता, मनीजर यादव, प्रधान आरक्षक संतोष कुमार सिंह, आरक्षक नंदलाल गोस्वामी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



### वनों में नहीं है खैर का नामो निशान

कभी खैर के जंगलों के लिए मशहुर बलरामपुर वनमंडल में अब खैर का नामो निशान तक नहीं है। पूर्व में बलरामपुर वनमंडल में खैर के बड़े-बड़े जंगल थे। वनपरिक्षेत्र रामानुजगंज में खैर प्रजाति के पेड़ बहुतायात में थे। खैर पेड़ों की पर्याप्त उपलब्धता के कारण ही संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में लंबे समय तक कत्था का औद्योगिक उत्पादन भी होता था लेकिन खैर के पेड़ों पर तस्करों की ऐसी नजर लगी कि सरगुजा से इसकी प्रजाति ही समाप्त हो गई। वन परिक्षेत्र रघुनाथ नगर अंतर्गत खैर का एकमात्र राजस्व जंगल बचा है जिसमें तस्कर क्षेत्र के ग्रामीणों की मदद से जमकर अवैध कटाई करा पेड़ों के टुकड़े कर दूसरे राज्यों में तस्करी कर रहे हैं। तस्करों ने इस जंगल के बड़े पेड़ों का सफाया कर दिया है तथा अब नाम मात्र के 8-10 साल के कुछ पेड़ ही बचे है। राजस्व जंगल होने के कारण न तो वन विभाग ही इसकी सुरक्षा करता है न ही राजस्व विभाग।

## खबर संक्षेप

### विदेशी करंसी के चक्कर में युवक ने गवाएं 2 लाख 49 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** रायपुर स्थित एक टूर एण्ड ट्रेवलर्स कंपनी में विदेशी करेंसी कराने के चक्कर में युवक ने एक कर्मचारी के खाते में 2 लाख 49 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से डाल दिया। युवक जिस कर्मचारी के खाते में रुपए डाला वह चार माह पूर्व ही काम छोड़ चुका था। इधर विदेशी करंसी नहीं मिलने पर पीड़ित घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुंडला सिटी निवासी अमित अग्रवाल बाहर जाने के लिए 27 अक्टूबर रायपुर की एक टूर एण्ड ट्रेवर्ल्स कंपनी में विदेशी करेंसी कराने के लिए कंपनी के कर्मचारी रायपुर टीसी सिन्हा हाउस नहर रोड निवासी लोकेश नायक आ. रीत कुमार नायक के खाते में फोन पे के माध्यम से 2 लाख 49 हजार रुपए भेज दिया। कुछ दिन बाद जब विदेश करंसी नहीं मिला तो कंपनी से पूछताछ किया तो पता चला की कंपनी में काम कर रहे लोकेश नायक चार माह पूर्व ही काम छोड़ चुका है। लोकेश नायक द्वारा धोखाधड़ी करने पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के विरूद्ध धारा 316 (4) के तहत अपराध दर्ज किया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह कंपनी में पूर्व में भी विदेश करंसी करा चुका था और उसे विदेशी करेंसी मिला था। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### पटाखा जला रहे युवकों ने की बाइक सवार से मारपीट

**अम्बिकापुर।** सत्तीपारा निवासी संजय सिंह आ. भुआल सिंह शनिवार की रात दोस्त रवि प्रताप सिंह के साथ्ज्ञ बाइक से बस स्टैंड की ओर से घर लौट रहे थे। जैसे ही ब्रम्ह रोड़ में पहुंचे तभी कुछ युवक पटाखा जला कर सड़क पर फेंक रहे थे। इसी बीच पटाखा जला रहे एक युवक ने बाइक सवार को चुतिया जैसे बाइक चलाने की बात कही जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर आयुष गोस्वामी, जय सोनी, रूद्र सोनी, अंश गोस्वामी और अन्य लोगों ने बाइक सवार रवि के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### घर की बाउंड्री में खड़ी स्कॉर्पियो को अज्ञात लोगों ने लगाई आग

**अम्बिकापुर।** भाथूपारा निवासी श्रीमती कान्ता साहू पति स्व. नरेश साहू (50 वर्ष) ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि साल 2023 में स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 डीजेड 9432 को खरीदा है जिसे बेटा मोनू साहू चलाता है। हर रोज की भांति 2 नवम्बर की रात स्कॉर्पियो को घर के बाउंड्री में खड़ा किया था। इसी बीच देर रात अज्ञात लोगों ने स्कॉर्पियो में आग लगा दी। घटना की जानकारी तड़के घर के किराएदार ने बताया। वाहन में आग लग जाने पर वाहन मालिक सहित पड़ोसियों ने आग बुझाई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 326(एफ) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# ग्रामीण से 60 हजार रुपए की लूट, आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बैंक से पीछा कर रहा था आरोपी, बिलासपुर में जाकर खर्च किया रकम

बाइक सवार ग्रामीण से रुपयों से भरा झोला लूटने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। आरोपी ग्रामीण के 60 हजार रुपए और दस्तावेजों से भरा झोला लेकर फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने लूट की रकम को बिलासपुर में घूमने फिरने में उड़ा दिया।

बताया जा रहा है कि दरिमा नवानगर निवासी रामनाथ राम 14 अक्टूबर को अपने बैंक खाते से पैसा निकालने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अंबिकापुर आया हुआ था। इस दौरान ग्रामीण ने बैंक से 20 हजार रुपए निकाला जबकि पहले से सामान लेने के लिए उसके पास 40 हजार रुपए मौजूद थे। ग्रामीण कुल 60 हजार रुपए व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज एटीएम कार्ड, पासबुक, पेन कार्ड, आधार कार्ड, चेक बुक को मोटरसाइकिल के हैंडल में लटका कर वापस घर जा रहा था। ग्रामीण जैसे ही ग्राम कांतिप्रकाश पुर पुलिया के पास पहुंचा इसी दौरान एक अज्ञात बाइक सवार पीछे से आया और चलती बाइक से ही रुपयों से भरा झोला लूटकर भागने लगा। ग्रामीण ने लुटेरे का कंठी तक पीछा किया लेकिन उसके बाद आरोपी का कोई पता नहीं चल सका। ऐसे में ग्रामीण ने घटना की शिकायत 15 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस से की थी। शिकायत के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक सदर एसबीआई शाखा में संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही रसूलपुर निवासी 23 वर्षीय शोएब अख्तर आ. मोहम्मद वसीम बारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी युवक ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी ने शोएब अख्तर ने पुलिस को बताया कि 14 अक्टूबर को वह बैंक में बैलेंस चेक कराने के लिए गया हुआ था इस दौरान ग्रामीण ने उसे नगद रकम को गिनकर मिलान करने के लिए दिया था जिसके बाद उसने लूट की योजना बनाई और बाइक से पीछा कर ग्रामीण से रुपए से भरा झोला लूटकर भाग निकला, आरोपी दरिमा एयरपोर्ट के पास से वापस लौटकर घर चला गया। पुलिस ने अनुसार आरोपी ने लूट की रकम को 60 हजार रुपए को बिलासपुर जाकर घूमने और खाने पीने में खर्च कर दिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक और दो नग मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 304(2) के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी विवेक सेंगर, सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजय पांडेय, भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, संजीव चौबे, दीपक पाण्डेय, अमन पुरी, राहुल केरकेट्टा, अशोक यादव सक्रिय रहे।

## प्रकाश पर्व...



अम्बिकापुर। गुरूनानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर शहर में शबद कीर्तन के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पंज प्यारों व शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### शटर का ताला तोड़ चोरों ने घर से पार किया नगदी व जेवर

**अम्बिकापुर।** ग्राम लोधिमा माझापारा निवासी अभिषेक गुप्ता आ. अजय कुमार गुप्ता (27 वर्ष) 28 अक्टूबर को परिवार को उड़ीसा छोड़ने गया था। 2 नवम्बर को घर लौटा तो देखा शटर का ताला टूटा और कमरे में सामान बिखरे हुए है। अलमारी खुला देख जब तलाशी ली तो पता चला कि अलमारी में रखे नगद 10 हजार रुपए के अलावा सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। मकान मालिक के अनुसार चोरों ने घर से नगदी सहित लगभग 50 हजार कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# परिवहन चेकपोस्ट में घुसकर मारपीट करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर



- लम्बे समय से फरार चल रहा था आरोपी

धनवार बेरियर में घुसकर अधिकारी कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। बसंतपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर की रात 10 बजे चन्दन, कैलाश, उपेन्द्र उर्फ गोली व 8 अन्य लोग धनवार आरटीओ बेरियर में घुस आए थे और पूर्व के विवाद को लेकर कार्यालय में घुसकर गाली गलौज करने लगे। इस दौरान उन्होने प्रार्थी भूषण ध्रुव उसके चालक ओमप्रकाश राजवाड़े के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने आरटीओ कैंप आवासीय परिसर में घुसकर गाली गलौज की व परिवहन निरीक्षक महेंद्र सिंह को कुलदीप के रूम में घुसकर मारपीट की। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच उपरान्त पूर्व में आरोपी कैलाश यादव, उपेन्द्र यादव उर्फ गोलू, एवं रंजन रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुए अन्य साथियों प्रीतम गुप्ता, राजेश यादव, मनोज यादव, मिथलेश रवि के साथ मिलकर स्कार्पियो वाहन में घटना कारीत करने की बात कही थी। घटना के बाद से आरोपी प्रीतम गुप्ता फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 2 अक्टूबर को आरोपी जमई निवासी 26 वर्षीय प्रीतम गुप्ता आ. दिनेश गुप्ता को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से घटना में प्रयुक्त स्कोर्पियो वाहन को जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बसन्तपुर जितेन्द्र सोनी, प्रधान आरक्षक पंकज पोर्ते सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

## आईजी की पहल पर स्मार्ट-कॉप फिट-कॉप 2.0 की शुरुआत, सीआरपीएफ कैंप में लेंगे ट्रेनिंग

# पुलिसकर्मियों को चुस्त-दुरुस्त और स्वस्थ बनाने दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा के पुलिस कर्मियों को चुस्त दुरुस्त और स्वस्थ बनाने के लिए आईजी सरगुजा ने एक विशेष पहल की है। आईजी दीपक झा ने पुलिसकर्मियों के लिए स्मार्ट कॉप-फिट कॉप 2.0 की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत पुलिसकर्मियों को फिट बनाने के लिए एक महीने की कड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी।

बता दें कि पुलिस जवानों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने हेतु सरगुजा रेंज में स्मार्ट-कॉप फिट-काप 2.0 का 3 नवम्बर से ग्राम केपी के सीआरपीएफ कैंप में शुभारंभ आईजी दीपक झा, एसएसपी राजेश अग्रवाल की मौजूदगी में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पुलिस बल में फिटनेस, अनुशासन और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देना है ताकि पुलिसकर्मी तनाव मुक्त रहकर बेहतर तरीके से जनसेवा कर सकें। इस एक माह लंबे प्रशिक्षण कार्यक्रम में जवानों को व्यायाम, योग, ध्यान, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य एवं जीवनशैली सुधार जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। फिटनेस विशेषज्ञों व चिकित्सकों की निगरानी में पुलिसकर्मियों का फिटनेस असेसमेंट, बीएमआई मूल्यांकन,और व्यक्तिगत सुधार योजना भी तैयार की जाएगी। इस दौरान आईजी श्री झा ने बताया कि एक फिट पुलिस बल ही वास्तव में स्मार्ट पुलिस बल बन सकता है। हमारी कोशिश है कि हर पुलिसकर्मी शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक रूप से संतुलित रहे। फिटनेस केवल शरीर नहीं, बल्कि सोच और कार्यशैली की ताजगी भी है। स्मार्ट-कॉप फिट-कॉप 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक जिले में साप्ताहिक फिटनेस रिपोर्टिंग, हेल्थ चेकअप, मोटिवेशनल सेशन आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में रेंज के कुल 53 पुलिस अधिकारी कर्मचारी को शामिल किया गया है जबकि अगले बैच में अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जगन्नाथ मंदिर में 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन

**चरचा कॉलरी।** देवउठनी एकादशी पर्व के पावन अवसर पर चरचा स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। धार्मिक वातावरण से सराबोर इस आयोजन का शुभारंभ रविवार प्रातः 9 बजे विधिवत पूजा-अर्चना एवं हरि नाम संकीर्तन के साथ हुआ, जो सोमवार को कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुआ।

**रामतिल की रहती है मांग**

**वर्तमान में कोरिया जिले में सीमित किसान ही करते हैं रामतिल की खेती**

# कोरिया में रामतिल की खेती के लिए मौसम अनुकूल, किसानों को प्रोत्साहन की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में रामतिल की खेती के लिए मौसम अनुकूल है, लेकिन रामतिल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहन करने की जरूरत है।

वर्तमान में जिले में कम ही किसानों के द्वारा रामतिल की खेती की जाती है, जबकि इस फसल की खेती के लिए ज्यादा देखभाल की जरूरत भी नहीं होती, ऐसे में रामतिल की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सरकारी प्रोत्साहन की जरूरत है, ताकि रामतिल के खेती के रकबे को बढ़ाया जा सके। वर्तमान में कोरिया जिले में सीमित किसानों के द्वारा ही रामतिल की खेती की जाती है,जबकि कोरिया जिले की भौगौलिक स्थिति एवं वातावरण रामतिल के लिए उपयुक्त है और केन्द्र सरकार द्वारा इस फसल के लिए समर्थन मूल्य भी निर्धारित की है, लेकिन जिले के किसानों को प्रोत्साहन नहीं मिलने के कारण रामतिल के खेती का रकबा काफी कम है, इसके लिए जिले के किसानों को प्रोत्साहित कर किसानों को अधिक से अधिक रकबे में रामतिल की खेती समझाईश दी जानी चाहिए, ताकि कम देखभाल में किसान अधिक से अधिक लाभ इस खेती से प्राप्त कर सके।


खेत में रामतिल की फसल।

## कम उपजाउ भूमि में भी अच्छी फसल

रामतिल की खेती के लिए हर तरह की मिट्टी उपयुक्त है। जानकारी के अनुसार रामतिल ऐसी फसल है, जो कम उपजाउ भूमि में भी अधिक उपज देती है। वैसे इस फसल के लिए बलुई, दोमट के साथ पथरीली एवं पहाड़ी ढालू भूमि पर भी अच्छी फसल होती है। खास बात है कि रामतिल की फसल के लिए ज्यादा पानी की भी आवश्यकता नहीं होती और न ही जानवरों से इस फसल के बचाव के लिए देखभाल भी नहीं करनी होती है, इसके चलते जिले के सीमांत किसानों के लिए रामतिल की खेती बेहतरी विकल्प हो सकता है।

## अधिक देखभाल की भी जरूरत नहीं

रामतिल ऐसी फसल है, जिसे अधिक देखभाल की जरूरत भी नहीं पड़ती है। जानकारी के अनुसार इस फसल के लिए खाद और कीटनाशक की भी कम जरूरत पड़ती है। रामतिल का उपयोग तेल निकालने के लिए किया जाता है, इसके बीज से 35 से 45 प्रतिशत तेल निकलता है, जिसका उपयोग खाने एवं अन्य उत्पादों में उपयोग में लाया जाता है।

## विदेशों में होता है निर्यात

रामतिल की खेती को लेकर भले ही सरकारी प्रयास ज्यादा नहीं है, लेकिन इसकी मांग विदेशों तक है और देश से बड़ी मात्रा में रामतिल का निर्याद विभिन्न देशों के लिए किया जाता है, जहां रामतिल का उपयोग पशुओं एवं पक्षियों के चारा के लिए उपयोग किया जाता है। यदि किसानों को इस फसल के प्रति प्रोत्साहित किया जाए तो निश्चित रूप से किसानों को आर्थिक लाभ अधिक मिल सकेगा।

**खबर संक्षेप**

## अधोसंरचना मद से 96.46 लाख स्वीकृत

**बैकुण्ठपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर द्वारा नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर को वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विकास कार्य के लिए 96.46 लाख रूपए की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की है। नगर पालिका के उपाध्यक्ष आशीष यादव ने बताया कि नगर पालिका बैकुंठपुर के विभिन्न वार्डों में प्रकाश व्यवस्था के लिए 20 नग हेलोजन लाईट के लिए प्रस्ताव तैयार कर सौंपा गया था, इसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा 13 नग हेलोजन लाईट की स्वीकृति प्रदान की है। श्री यादव ने बताया कि प्रमुख रुप से वार्ड क्रमांक 6 चक्की गली से घनश्याम साहू के घर तक सोलर स्ट्रीट लाईट, गौरवकांत बड़ेरिया के घर से आरटी टावर महामाया के घर तक, वार्ड क्रमांक 13 बाजारपारा दुर्गा पंडाल के पास, वार्ड क्रमांक 16 जनपद कार्यालय के सामने, वार्ड क्रमांक 2 मुक्तिधाम मार्गदर्शन रोड, वार्ड क्रमांक 18 सामुदायिक भवन के पास पुलिस लाईन, वार्ड क्रमांक 10 बाजारपारा सब्जी मंडी, वार्ड क्रमांक 6 परियोजना कालोनी श्रीराम चौक, वार्ड क्रमांक 5 राकेश पान ठेला कचहरीपारा, वार्ड क्रमांक 7 दुर्गा पंडाल के पास धौराटिकुरा, वार्ड क्रमांक 2 मागदर्शन तीरथ घर के पास, वार्ड क्रमांक 12 कचहरीपारा दुर्गा पंडाल, वार्ड क्रमांक 19 जूनापारा कब्रिस्तान, वार्ड क्रमांक 17 प्रेमाबाग रैन बसेरा, वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा नगर के पास, वार्ड क्रमांक 9 महलपारा दुर्गा पंडाल, वार्ड क्रमांक 3 मिशन हास्पिटल समेत अन्य जगहों पर लगाए जाएंगे। उपाध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि शेष वार्डों के लिए भी स्वीकृति मिलने का आश्वासन मिल गया है।

## सूचना अधिकार कानून का निगम में पालन नहीं

**कोरिया कॉलरी।** सूचना का अधिकार कानून, जो आम नागरिकों को पारदर्शिता और जवाबदेही का अधिकार देता है, उसकी खुलेआम अनदेखी चिरमिरी नगर पालिक निगम कर रहा है। जानकारी के अनुसार आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करने के बावजूद निगम प्रशासन लगातार टाल-मटोल कर रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता राकेश सिंह का कहना है कि सूचना प्राप्त करने के लिए उन्होंने नियमानुसार आवेदन और शुल्क दोनों जमा किए।

**एमसीबी जिले के दूरस्थ इलाकों में स्थित है स्कूल**

# वनांचल के स्कूलों में बिगड़ी शिक्षा व्यवस्था







**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड में प्राथमिक शालाओं की शिक्षा व्यवस्था बिगड़ी नजर आ रही है। क्षेत्र के कर्री, जवारीटोला और छिरहाटोला के कई प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के समय से पहले छुट्टी देने और अनुपस्थित रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

ग्राम कर्री के राजकुमार सिंह टेकाम ने बताया कि प्राथमिक शाला कर्री में शिक्षकों की भारी कमी है। स्कूल में केवल एक शिक्षक मदन सिंह आते हैं। प्रधान पाठिका पहले ही चली जाती हैं। बच्चों को लंच कराकर दोपहर 1.30 बजे छुट्टी कर दी जाती है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर सच्चिदानंद साहू ने फोन पर चर्चा के दौरान कहा कि वे वीडियो, फोटो और ग्रामीणों के कथन मंगाकर संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी करेंगे। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी पहले भी कई बार नोटिस की बात कहते रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होती। यहां के अभिभावकों और ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, लगातार लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाए, प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति ऐसे ही बनी रही तो बच्चों का भविष्य अंधकार में जा सकता है।




# सरकारी शराब सप्लाई करते पलटा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ 10 लाख का हुआ नुकसान

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सरकारी शराब की सप्लाई लेकर बिलासपुर से कोरिया जिले जा रहा एक ट्रक तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण बीते दिवस पलट गई थी, इसमें लाखों की क्षति हो गई। मालिक अवधेश दुबे निवासी चौबे कॉलोनी सरकंडा बिलासपुर ने घटना की जानकारी देते हुए चालक पर कार्रवाई की मांग की है।

अवधेश दुबे ने बताया कि उनकी दूबे ट्रांसपोर्ट सर्विस के माध्यम से कोरिया और मनेन्द्रगढ़ जिले में आबकारी विभाग की सरकारी शराब की सप्लाई की जाती है। 31 अक्टूबर को उनकी कंपनी के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालय से ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीवाई1750 को चालक किशोर कुमार मिश्रा के साथ बैकुंठपुर, चरचा और सोनहत के दुकानों में शराब पहुंचाने भेजा गया था। श्री दुबे ने बताया कि 1 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे उन्हें सूचना मिली कि चालक ट्रक को काफी तेज रफ्तार और लहराते हुए चला रहा था। कभी सड़क से नीचे उतार दे रहा था, तो कभी सड़क पर खतरनाक तरीके से लहरा रहा था। लगभग आधे घंटे पहले बरपारा के पास चालक ने तेज रफ्तार में ट्रक को सड़क से नीचे उतारकर पलटा दिया है। सूचना मिलने पर अवधेश दूबे मौके पर पहुंचे और देखा कि ट्रक चारों पहियों के बल उलटा पड़ा था। ट्रक में लदी शराब की कई पेटियां फूट चुकी थीं, जिससे लगभग 10 लाख रूपए का नुकसान हुआ।


पलटा ट्रक।

उन्होंने तुरंत आबकारी विभाग को सूचना दी और दूसरी गाड़ी बुलवाकर बचा हुआ माल सुरक्षित ले जाया गया। अवधेश दूबे ने 2 नवंबर को थाने में उपस्थित होकर चालक किशोर कुमार मिश्रा के खिलाफ तेज रफ्तार, लापरवाही एवं खतरनाक ड्राइविंग से ट्रक पलटाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अज्ञात बाइक चालक ने मारी टक्कर, महिला घायल

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलका निवासी अकेश कुमार ने बताया कि उनकी मां अवंती बाई रविवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना दोपहर लगभग 3:30 बजे कुमार भारती स्कूल महलपारा के पास हुई। अकेश कुमार ने बताया कि वे घर पर थे, तभी शाम 4:16 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और बताया गया कि उनकी मां का महलपारा चौक के पास एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वे तत्काल मौके पर पहुंचे तो देखा कि उनकी मां सड़क पर घायल अवस्था में पड़ी थीं।

# गोल्हाघाट में चोरी: किसान के नए मकान से 15 हजार का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोल्हाघाट में एक किसान के नए आवास से अज्ञात चोरों ने बर्तन, मवेशी और अनाज सहित करीब 15 हजार रूपए का सामान चोरी कर लिया। पीड़ति ने इस मामले में चार लोगों पर संदेह जताया है।



ग्राम के निवासी अनिल साय जो खेती-किसानी का कार्य करते हैं उन्होंने बताया कि पुराने घर से कुछ दूरी पर अटल आवास योजना के तहत नया मकान बनाया है। 19 अक्टूबर की रात वे परिवार सहित पुराने घर में सोने चले गए थे। रात लगभग 8 बजे नए मकान में ताला लगाकर सभी सो गए। अगली सुबह 20 अक्टूबर को 6 बजे जब वे नए मकान पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर में रखे सामान गायब थे। चोर घर से कांस की थाली 6 नग, कांस का लोटा 5 नग, मुर्गा 4 नग, चावल 15 किलो, साल, कंबल व अन्य आवश्यक सामग्री चोरी कर ले गए थे। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 15 हजार रूपए बताई जा रही है। अनिल साय ने बताया कि घटना वाले दिन 19 अक्टूबर की दोपहर करीब 3 बजे उनके पुत्र आशीष ने घर के आसपास मुन्नालाल, हरवंश, जलडिगिहा और पटेल को घूमते देखा था, इसी आधार पर उन्होंने संदेह जताया है कि चोरी इन्हीं के द्वारा की गई होगी। घटना की जानकारी उन्होंने मंगल सिंह, अमर सिंह, संतलाल सहित अन्य ग्रामीणों को भी दी है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है और जांच जारी है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, गोविंद कुमार गनावा पिता स्व. महिप सिंह गनावा उम्र 61 वर्ष, निवासी 306 भील कॉलोनी मुसाखेड़ी जिला इंदौर पोस्ट ऑफिस जी.पी.ओ. तहसील रंदौर थाना आजाद नगर पिन कोड 452001 मध्य प्रदेश वर्तमान निवासी 10 वीं वाहिनी छ.ग. सिलफिली थाना जयनगर जिला सूरजपुर छ.ग. मै शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा नाम उप नाम सहित गोविन्द कुमार गनावा है। जो मेरे सभी दस्तावेजों में अंकित है। मैं 10 वीं वाहिनी छ.स. बल सिलफिली थाना जयनगर तहसील व जिला सूरजपुर छ.ग. में प्रधान आरक्षक 53 के पद पर पदस्थ हूं। विभाग में मेरी सेवा पुस्तिका में मेरा नाम गोविन्द अंकित है। मेरा नाम के साथ मेरा उपनाम गनावा अंकिता नहीं है। मैं विभाग कि मेरी सेवा पुस्तिका में मेरे नाम के साथ मेरा उपनाम गनावा अंकित कराना चाहता हूं। गोविन्द कुमार गनावा किये जाने के समर्थन में मैं यह शपथ पत्र कार्यालय श्रीमान सेनानी महोदय 10 वीं वाहिनी छ.स. बल सिलफिली जिला सूरजपुर छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
गोविंद कुमार गनावा
पिता स्व. महिप सिंह गनावा
निवासी-306 मील कॉलॉनी मुशाखेड़ी जिला रंदौर पोस्ट ऑफिस जी.पी.ओ. तहसील इंदौर थाना आजाद नगर पिन कोड 452001 मध्य प्रदेश वर्तमान निवासी 10 वीं वाहिनी छ.ग. सिलफिली, थाना जयनगर जिला सूरजपुर छ.ग.

सरगुजा मार्केट

न्यूरो ओ.पी.डी. - प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 08 नवम्बर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331, 9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टेण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 09 नवम्बर 2025, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 14 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 15 नवंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 9 नवंबर, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 5 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 5 बजे से 7 बजे तक

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 26 अक्टूबर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 दिसम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB (Ortho) MNAMS हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती - चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से?
- चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
- पेशाब में जलन
- यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
- पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
- पेशाब का रंग लाल होना
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक किडनी
- किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप



### माउंट लिट्रा जी के बच्चों ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**अंबिकापुर।** राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल द्वारा कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केंद्र अजीरमा का भ्रमण किया और कृषि विज्ञान से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक खेती के तरीके, फसल प्रबंधन, जैविक खाद का निर्माण एवं उपयोग, जल संरक्षण तकनीक, तथा पौधों की उन्नत प्रजातियों के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से खेती की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया और कृषि उपकरणों के उपयोग को समझा। इस अनुभव ने बच्चों में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ-साथ प्रायोगिक शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया। विद्यालय की ओर से इस भ्रमण में अभय कुजूर, साक्षी केडिया, अनुराधा एवं अशील लकड़ा सम्मिलित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं क्योंकि ये उन्हें पुस्तकीय ज्ञान से परे जाकर वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ते हैं।

### करमा महोत्सव उपविजेता टीम को किया गया सम्मानित



**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम डकवा में विकासखंड स्तरीय करमा महोत्सव के उपविजेता प्रतिभागियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने उपविजेता टीम के सदस्यों को साड़ी भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाया। जनपद उपाध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि करमा नृत्य आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान है, जो श्रम, एकता और आनंद का प्रतीक है। इस पारंपरिक लोकनृत्य के माध्यम से समाज की सांस्कृतिक विरासत पीढ़ियों से सहेजी जा रही है। उन्होंने टीम को आगामी जिला स्तरीय करमा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद सभापति कमला सिंह, भाजपा नेता मुकेश गुप्ता, जनपद सदस्य हरिराम नागेश, ग्राम पंचायत डकवा के सरपंच दिलीप केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और करमा दल के सदस्य उपस्थित रहे।

### संत नामदेव की जयंती पर हुई पूजा-अर्चना

**अम्बिकापुर।** शहर के नमनाकला स्थित पंचदेव मंदिर के निकट नामदेव विकास समिति द्वारा गणेश सिंह शांडिल्य के आवास में संत नामदेव की जयंती मनाई गई। इस दौरान संत शिरोमणि नामदेव की जीवनी पर विस्तार से चर्चा कर पूजा-अर्चना किया गया। इस दौरान संतोष कुमार नामदेव, अनूप नामदेव, कूंजे नामदेव, महेंद्र नामदेव, इंद्रजीत सिंह, बीना देवी, शांति देवी, दीपा देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### शोर मचा रहे बच्चों को डांटने पर युवकों ने की बुजुर्ग और महिला की पिटाई

**लखनपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम कोरजा निवासी 70 वर्षीय विलास राम आ. स्व. मुड़री के घर के बाहर 31 अक्टूबर की रात 10 बजे कुछ बच्चे शोर मचा रहे थे। ऐसे में बुजुर्ग विलास राम और उसकी बहु सोनी खांडे ने बाहर निकलकर शोर मचा रहे बच्चों को डांटकर शांत कराया। इसी दौरान घर के समीप सुनील खांडे, रूपेश खांडे, सुरेंद्र महिलांगे, विकेश महिलागे भी मौजूद थे और गलतफहमी में उन्होंने समझ लिया कि बुजुर्ग उन्हें डांट रहा है। इस बात से आक्रोशित युवकों ने बुजुर्ग के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब बुजुर्ग ग्रामीण की बहु सोनी खांडे ने बीच बचाव करने का प्रयास किया उन्होंने महिला के साथ भी मारपीट की। इस मामले में पुलिस बुजुर्ग ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 351(3), 115 (2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### मोबाइल को लेकर सास की पिटाई, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** मोबाइल को लेकर एक बहु ने अपनी सास की पिटाई कर दी। आहत सास ने बहु के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। ग्राम टपरकेला महादेवपारा निवासी सुखमतिया पति मसत राम ने अपना मोबाइल घर में रखा था लेकिन खोजबीन करने पर नहीं मिल रहा था। कई दिन खोजबीन के बाद मोबाइल क्षतिग्रस्त हालत में मिला तो सास ने अपनी मझली बहु सीमा सिंह पति मोहन सिंह से पूछताछ करने लगी। सास की पूछताछ से नाराज बहु ने पहले गाली-गलौच किया तथा जान से मारने की धमकी देकर लात मुक्के व डंडे से सास की पिटाई कर दी सास ने बहु की पिटाई से हाथ एवं छाती में चोट आने का हवाला देकर बहु के विरूद्ध लखनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 246, 35 (3) एवं 115 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## मुख्य मार्ग पर मवेशियों के जमावड़ा होने से आए दिन होती है दुर्घटनाएं

# आवारा मवेशियों से ग्राम पोड़ी सलका, डेडरी सपकरा व मानी क्षेत्र के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

मानीचौक सहित आसपास गांव के लोग इन दिनों आवारा मवेशियों से काफी परेशान है। आवारा मवेशियों ने ग्राम पोड़ी सलका, डेडरी, सपकरा व मानी के किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। आलम यह है कि शाम ढलते ही खेतों में मवेशियों का झुंड टूट पड़ता है जो खेत की तैयार फसल को खाकर नुकसान पहुंचाने लगे है। ऐसे में किसान खेतों में लगी धान की फसल को बचाने न सिर्फ खेत में मचान बनाकर रखवाली करते है बल्कि पूरी रात रतजगा करने को मजबूर है।

**खास बात**

- खेत में तैयार धान की फसल को खाकर कर रहे चौपट, किसानों की बढ़ी चिंता

मानीचौक क्षेत्र में इस दिनों आवारा मवेशियों की संख्या काफी बढ़ गई है जो दिन भर जंगल व मुख्य मार्ग एवं चौक चौराहों में रहते है और शाम ढलते ही किसानों खेतों में पहुंच कर धान की बाली को खाकर बर्बाद कर दे रहे है। किसानों ने बताया कि ग्राम पोड़ी, सलका, डेडरी, सपकरा,मानी में आवारा मवेशी सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र में विचरण करते है। झुंड में रहने वाले मवेशी किसी के भी खेत में पहुंच जाते है तो फसल को पूरा बर्बाद करके निकल जाते है जिससे किसान परेशान है। इधर जंगली क्षेत्र होने से जंगली जानवरों की भय लगातार बना होता है। बावजूद इसके किसान डर के साय में भी खेत में मचान बनाकर पूरी रात अपने खेतों में सोते हैं ताकि फसल को बचाया आवारा मवेशियों से बचाया जा सके। किसानों ने बताया कि खेतों में धान की फसल तैयार हो गई और कटाई होना बाकी है। इधर रात में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी फसल को खाकर काफी नुकसान पहुंचा रहे है। उन्होंने बताया कि सैकड़ों की संख्या में आवारा मवेशी विचरण कर रहे है जो रोजाना दर्जनों किसान के फसल को खाकर नुकसान पहुंचा रहे है। किसानों ने आवारा मवेशियों की धर पकड़ कर क्षेत्र में संचालित गौठान में रखने की मांग की है जिससे खेतों में लगी धान की फसल सुरक्षित हो सके।

इस संबंध में मानी उप सरपंच बोधन सिंह पोर्ते ने बताया कि आवारा पशुओं की संख्या काफी बढ़ गया है और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। धान की फसल तैयार है लेकिन बाली को अब मवेशी खाने लगे है जिससे किसान चिंतित है। गौशाला में आवारा मवेशियों को रखने के लिए बात की लेकिन गौशाला में क्षमता नहीं होने जानकारी देते है जिस कारण पशु इधर उधर भटकते है



चौक पर मवेशियों का झूण्ड।

**वाहनों से छोड़ जाते है मवेशी**

क्षेत्र में राधा कृष्ण गौशाला संचालित है जिसके आड़ में दूर दराज क्षेत्र से लोग वाहनों में मवेशी गौशाला में छोड़ने के बहाने लेकर आते हैं। लेकिन गौ शाला प्रबंधन जब जगह की अभाव होने के बात करते है तो लोग पास के जंगल में मवेशियों को छोड़कर चले जाते है। मवेशियों के जंगल में छोड़कर चले जाने के कारण इन दिनों क्षेत्र में मवेशियों की संख्या में एकाएक काफी वृद्धि हुई है जो अब किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

**किसान झेल रहे दोहरी मार**

किसान संदन पटेल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को दोहरी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से जहां खेतों में तैयार फसल को काफी नुकसान हुआ है वहीं अब क्षेत्र में एकाएक बढ़े आवारा मवेशियों ने किसानों की परेशानी और भी बढ़ा दी है। दिन आवारा मवेशी मुख्य मार्ग व चौक चौराहों पर झुंड में रहते है लेकिन शाम ढलते ही खेतों की ओर रुख करने लगते है और तैयार धान की फसल को खाकर नुकसान पहुंचाते है। पहले बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान हुआ अब आवारा मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

**आए दिन होती है दुर्घटनाएं**

पोड़ी हाई स्कूल के समीप मेन रोड में कई मवेशी कोयला वाहनों की चपेट में आने से अपनी जान गवां चुके है। दिन के समय बड़ी संख्या में मानीचौक और पोड़ी हाई स्कूल चौक के समीप आवारा मवेशी झुंड में सड़क पर बैठे रहते है जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है।

# पेट्रोल खत्म होने पर चोरी की स्कूटी छोड़कर भाग गया था चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



स्कूटी चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्कूटी चोरी करने के बाद घूमता रहा और पेट्रोल खत्म होने के बाद लावारिश हालत में छोडकर फरार हो गया था।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बौरीपारा महादेव गली निवासी सत्येन्द्र सोनी 18 अक्टूबर को अपनी स्कूटी क्रमांक इस्जी 15 सीआर 8860 को प्रिंस टेलर के सामने अम्बर होटल गली के पास खड़ी कर अपने दुकान में चला रहा था। रात 9.30 बजे जब वह दुकान से घर जाने के लिए निकला तो उसकी स्कूटी चोरी हो गई थी। व्यवसायी ने घटना की शिकायत 24 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस बीच स्कूल रोड कन्हैया दुकान के समीप उक्त स्कूटी लावारिश हालत में पुलिस ने बरामद किया था जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही थी। जांच के बाद पुलिस ने रजपुरी निवासी 19 वर्षीय डाक्टर चौधरी आ. बंठू चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने स्कूटी चोरी करने और चोरी की स्कूटी से घूमने की बात स्वीकार की। पेट्रोल खत्म होने पर चोर स्कूटी को छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक जितेश साहू सक्रिय रहे।

### चोरी की बाइक बेचने घूम रहा युवक गिरफ्तार, दो वाहन जब्त

**वाड्रफनगर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोर के साथ एक बाइक व एक स्कूटी बरामद किया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि बसंतपुर थाना पुलिस को 2 अक्टूबर को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि जमई का प्रीतम गुप्ता चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा है।



सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर जमई निवासी 26 वर्षीय प्रीतम गुप्ता आ. दिनेश गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की वह पहले आना कानी करता रहा लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से एक टीवीएस अपाचे बाइक और एक्टिवा स्कूटी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर जितेन्द्र सोनी, प्रधान आरक्षक पंकज पोर्ते सहित अन्य सक्रिय रहे।

# चौक में बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**कुसमी।** बिरसा मुंडा सेवा समिति ग्राम दर्रीपारा के तत्वावधान में बिरसा मुंडा की प्रतिमा 15 नवम्बर को स्थापित करने के पूर्व किए जाने वाले अनुष्ठान के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद भगत एवं बिरसा मुंडा सेवा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन भगत के अगुवाई में भगवान बिरसा मुंडा की जन्म भूमि ग्राम उलिहातु जिला घुंटी झारखंड से परंपरा एवं सामाजिक रीति रिवाज के साथ बिरसा मुंडा के परपोते सुखराम मुंडा द्वारा पूजा अर्चना किया गया। बिरसा मुंडा सेवा समिति दर्रीपारा को बिरसा मुंडा के वंशज द्वारा पावन भूमि की मिट्टी प्रदान किया गया। जिसे बिरसा मुंडा सेवा समिति के संरक्षक एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान पूर्वक स्थापना स्थल पर लाया गया। इस अवसर पर नगर में कलश यात्रा निकली गई, जिसका जगह जगह क्षेत्र वासियों द्वारा फूल एवं पुष्प गुच्छों के साथ स्वागत किया गया। कलश यात्रा का संचालन बिरसा मुंडा युवा समिति अध्यक्ष कमलेश लकड़ा के नेतृत्व में किया गया। 15 नवम्बर को बिरसा मुंडा की प्रतिमा बिरसा मुंडा चौक दर्रीपारा में स्थापित की जाएगी। इस दौरान बिरसा मुंडा सेवा समिति उपाध्यक्ष जगमोहन सोनवानी, उपाध्यक्ष पवन साय, रूप साय,



निर्मल खाखा, सह सचिव राजेश कुमार बड़ा, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष रामसाय भगत, सुशीला लकड़ा, किरता राम रघुवीर भगत, वेदांत भारती, मोहम्मद नईम खान, क्षत्रपति प्रजापति, मानेश्वर टोप्पो, राकेश बारगाह, संदीप तिर्की, भुनेश्वर अगरिया, विकाश लकड़ा, रोहित कुमार, सागर लकड़ा, प्रकाश विश्वकर्मा, करीमन लकड़ा, कविता, बृजेश बखला, बाबूलाल बखला, नंदेश्वर, नीलम तिर्की, शिला बड़ा, माधुरी लकड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

# ओपीएस के डिबेट कॉम्पीटिशन में कलाम और टैगोर हाउस विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में सोमवार को इन्टर हाउस डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में कलाम हाउस तथा टैगोर हाउस के बीच कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें अनुशासन और सम्मान के साथ बुद्धिमता विषय पर दोनों हाउस के विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। कलाम हाउस ऐश्वर्या चौबे, यथार्थ पाण्डेय, समृद्धि सिन्हा एवं अनुष्का सिंह की टीम 145 प्वाइंट के साथ विजयी घोषित हुई तथा कक्षा 12वीं की अनुष्का सिंह बेस्ट स्पीकर रही।





जूनियर वर्ग डिबेट प्रतियोगिता में टैगोर हाउस और कलाम हाउस के बीच मुकाबला फ्रीडम ऑफ स्पीच विषय पर हुआ जिस पर दोनों हाउस के प्रतिभागियों ने एक दूसरे को कांटे की टक्कर दी। अंत में टैगोर हाउस से अक्ष पाठक, अर्पिता पाल, शिवम पाण्डेय तथा आरोही सिंह की टीम 165 प्वाइंट से विजयी घोषित हुई तथा कक्षा 10वीं की गरिमा गायकवाड़ बेस्ट स्पीकर रही।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य परस्पर विचारों के समर्थक विद्यार्थियों द्वारा आपस में अपने-अपने तर्क प्रस्तुत करना तथा बच्चों की तर्क शक्ति, वक्तव्य कला एवं प्रस्तुति को विकसित करना था। प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विजयी हाउस के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नगर के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन

**रामानुजगंज।** मार्शल आर्ट कराटे ट्रेनिंग सेंटर के चार खिलाड़ियों ने नगर एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन सभी खिलाड़ियों का चयन पंजाब राज्य के जालंधर में 7 से 9 नवम्बर तक आयोजित होने वाली चौथी राष्ट्रीय मंसूरिया इंटरनेशनल ऑल स्टाइल ओपन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। ट्रेनर तरुण शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 300 से 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। ऐसे में रामानुजगंज के खिलाड़ियों का चयन नगर के लिए गर्व की बात है।





उन्होंने बताया कि आकृति पासवान सब-जूनियर अंडर 30 किलो भार वर्ग,. महिमा सिंह सिदार सब-जूनियर अंडर 28 किलो भार वर्ग, सेजल विश्वकर्मा सब-जूनियर अंडर 60 किलो भार वर्ग व कृष्ण कुमार विश्वकर्मा सीनियर अंडर 55 किलो भार वर्ग के लिए चयन किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों का चयन काता एवं कुमिते, दोनों इवेंट्स में हुआ है। इधर खिलाड़ियों के चयन की सूचना मिलते ही नगर वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# ग्रुप डांस सेमीफाइनल सम्पन्न, 8 ग्रुप ने फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी डांस प्रतियोगिता में बीती रात ग्रुप डांस श्रेणी का सेमीफाइनल राउंड संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 15 सेमीफाइनलिस्ट ग्रुप्स ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। निर्णायकों के गहन मूल्यांकन के पश्चात 8 ग्रुप को फाइनल राउंड के लिए चयनित किया गया।

- प्रतिभा और परंपरा का अनोखा संगम, किया बुजुर्गों का सम्मान

अनोखी सोच संस्था द्वारा सामाजिक मूल्यों और परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों का भी आदर-सम्मान किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट उनके योगदान के प्रति सम्मान प्रकट किया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि हमारी जड़ें हमारे बुजुर्ग हैं। उनके आशीर्वाद और अनुभव से ही आज की पीढ़ी आगे बढ़ रही है। कला के इस मंच पर उनका सम्मान हमारे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय गोयल, डॉ. जीके दामले, डॉ. स्वशित शुक्ला, श्रीमती सुमन सिंह, चन्द्रशीला लाल, श्रीमती तारा, श्रीमती जया वर्मा, श्रीमती रोशन बैक, छोटेलाल शर्मा, प्रिया परीडा, संगीता सिंह, डॉ. अंकिता गोयल एवं डॉ. मेघा गोयल उपस्थित रहे । साथ ही विशिष्ट अतिथि नितिन बंसल, अमित गोयल, अशोक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुनील विश्वास, रानू दुबे, राजेश अग्रवाल, भोले यादव, रामकुमार यादव, सूरज तिवारी, प्रतीक दीक्षित, अमन जायसवाल, श्रीमती विमला राजवाड़े, श्रीमती मनीषा गोयल शामिल रही। सभी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनोखी सोच संस्था द्वारा युवाओं को मंच प्रदान करने का यह प्रयास न केवल कला को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी कर रहा है। निर्णायक मंडल में रणविजय प्रताप सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, अंजनी कुमार पांडेय, मो. शिफते हसन, रविंदर कौर बाबरा, रश्मित कौर, मोना त्रिपाठी एवं गुड्डु त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रस्तुतियों का स्तर बेहद उच्च रहा है। संस्था के अध्यक्ष सुर्यप्रकाश साहू, अभय साहू, लालजी साहू सहित पूरी टीम की प्रयासों से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले का आयोजन आगामी 4 नवंबर को किया जाएगा, जिसमें सीनियर, जूनियर, सिंगल और ग्रुप डांस के फाइनलिस्ट मंच पर अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।



# फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन बेचने की साजिश पीड़ितों ने की थाने व तहसीलदार से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

ग्राम सत्यनगर के चार ग्रामीणों की जमीन को फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने की कथित साजिश का मामला सामने आया है। इस संबंध में दुलार तुरी, दशरथ तुरी, ठाकुरलाल व फुलसुन्दरी ने झिलमिली-भैयाथान थाना प्रभारी व तहसीलदार से शिकायत की है।

- दोषियों के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

पीड़ितों ने सौंपे शिकायत में आरोप लगाया है कि प्रतापपुर मरहट्टा निवासी सहाबुद्दीन अंसारी, ग्राम कलुआ के सुखसेन और हरिओम पांडेय ने उनके नाम से कूटरचित नोटरीकृत सहमति पत्र बनवाया है, जिसमें उनके फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन विक्री के लिए तैयार दिखाया गया है। उन्हें यह फर्जी सहमति पत्र कुछ दिन पहले ही प्राप्त हुआ, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कभी भी भूमि बेचने की सहमति नहीं दी और न ही किसी नोटरी पर हस्ताक्षर किए। उनके अनुसार यह सीधा-सीधा धोखाधड़ी व जालसाजी है और उनकी जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है। पीड़ितों ने पुलिस व राजस्व प्रशासन से आरोपियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए भूमि विक्रय की अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच की बात कही है। इस दौरान दुलार, सांझी, बुधियारो, भीखम, रंजीत , दशरथ, सरपंच राजलाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### क्रेशर प्लांट की जमीन पर कब्जा का प्रयास, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** क्रेशर प्लांट की जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद में प्लांट संचालक से मारपीट का मामला सामने आया है। क्रेशर प्लांट संचालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है जिसपर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। बलरामपुर जिले के राजपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम खुखरी निवासी 42 वर्षीय संजीत कुमार जायसवाल आ. स्व. विरचंद प्रसाद जायसवाल द्वारा भेलाई खुर्द में 20 वर्षों से क्रेशर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। उक्त प्लांट का संचालन खसरा नम्बर 191/1 रकबा 0.2000 हेक्टेयर है। आरोप है कि 1 नवम्बर को रामलाल आ. स्व. सोहर यादव ने आकर क्रेशर प्लांट की जमीन को अपना बताकर जोताई शुरू कर दिया गया। इस बात की जानकारी मिलने के बाद क्रेशर प्लांट संचालक मौके पर पहुंचा तो रामलाल यादव ने उसके साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामलाल यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 329(3), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बिजनेस प्लस

### स्वदेशी खादी महोत्सव के अंतिम दो दिन शेष

**अम्बिकापुर।** स्थानीय कला केंद्र मैदान में विगत कुछ दिनों से आयोजित स्वदेशी खादी महोत्सव के अब दो दिन शेष रह गए हैं। प्रदर्शनी संचालक ने बताया है कि यह प्रदर्शनी अब दो दिन की रह गई है, अंतिम दिनों को देखते हुए प्रदर्शनी में काफी छूट का प्रावधान रखा गया है। हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर 10 प्रतिशत से लेकर के 20 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। कारपेट, करकारी, एवं कश्मीरी साड़ियों पर विशाल छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी का समय पूर्व की भांति सुबह 10 से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक रहेगा। प्रदर्शनी में त्योहारों के हिसाब से पारम्परिक परिधान व घरेलू वस्तुओं की खरीदारी में काफी छूट का लाभ उठा सकते हैं।



**खबर संक्षेप**

## नगर के प्रथम तायल ने की सीए पढ़ाई की परीक्षा उत्तीर्ण



**बिश्रामपुर।** नगर के मेन मार्केट निवासी व्यवसाई सतपाल तायल के पौत्र एवं श्याम स्टील्स के संचालक जतिन तायल के पुत्र प्रथम तायल ने सीए पढ़ाई की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, प्राप्त जानकारी अनुसार प्रथम तायल ने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई डीएवी स्कूल बिश्रामपुर से पूरी की, तत्पश्चात राजधानी रायपुर जाकर कोचिंग करने के बाद अपने पहले प्रयास में ही दोनों ग्रुप के इंटर मीडिएट की परीक्षा पास की,अब कुछ सालों में दोनों ग्रुप के फाइनल परीक्षा भी पास कर लेने के बाद सीए कोर्स की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है जिससे उनके परिजन समेत स्थानीय व्यवसाइयों में हर्ष व्याप्त है।

## महाआचार्य ब्राह्मण समाज की बैठक सामाजिक एकता व विकास पर हुई चर्चा



**सूरजपुर/भैयाथान।** जिले के ग्राम पंचायत बोझा स्थित देवीगुड़ी मंदिर परिसर में रविवार को सरगुजा संभाग महा आचार्य ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत समाज के अध्यक्ष विश्वामित्र दीक्षित व समस्त पदाधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर की। बैठक में समाज के विकास, एकता, संगठन सशक्तिकरण और युवा जागरूकता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि समाज तभी प्रगति कर सकता है जब हर सदस्य अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए संस्कार, शिक्षा और सेवा के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि आज के समय में ब्राह्मण समाज को केवल परंपराओं का संरक्षक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों का मार्गदर्शक बनकर कार्य करना चाहिए। इस दौरान कांशी मिश्रा, बटेश्वर मिश्रा, रामदेव तिवारी, विष्णुदत मिश्रा, कपिल तिवारी, जमुना मिश्रा,अजय तिवारी, संदीप मिश्रा, संजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ व युवा सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन का समयलाल मिश्रा, प्रकाश पांडे, रमेश तिवारी और ओम दुबे ने किया। समाज की अगली बैठक 4 जनवरी को अंबिकापुर में आयोजित की जाएगी।

## कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत ग्रामीण ने कीटनाशक पी लिया परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम जजगा निवासी शर्मित एक्का आ. हीरा एक्का (34 वर्ष) 30 अक्टूबर की तड़के 4 बजे उठकर गांव में शराब पीने चला। सुबह 8 बजे घर पहुंचा और पत्नी से खाना मांगा। पत्नी ने पानी भरकर आने के बाद भोजन देने की बात कहकर पानी भरने चली गई। इसी बीच शर्मित ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। इधर जब पत्नी पानी लेकर घर पहुंची तो पति को उल्टी करते तथा कीटनाशक का गंध आने पर घटना की सूचना सरपंच को दी। सरपंच सहित परिजन ने ग्रामीण को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

### पुष्प वर्षा कर जगह-जगह किया गया स्वागत

# गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



शोभायात्रा में कीर्तन करती समाज की महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सिख धर्म के संस्थापक गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरू सिंह सभा द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को गुरू सिंह सभा द्वारा पंजप्यारों की उपस्थिति में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

**खास बात**
- कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

सिख धर्म के संस्थापक गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व कार्तिक पूर्णिमा के दिन बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। सिख धर्म के प्रकाश पर्व को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह है। तथा चार दिन पूर्व से ही गुरू सिंह सभा द्वारा विविध आयोजन किए जा रहे हैं। सोमवार को गुरूद्वारा में गुरूग्रंथ साहब का पाठ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान गुरूवाणी का भी पाठ किया गया। दोपहर बाद गुरूद्वारा से प्रकाश पर्व की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पंजप्यारे सरदार नवराज सिंह बाबरा, गुरू सेवक सिंह भामरा, हरमिंदर सिंह भामरा, गुरदीप बाबरा, पवनदीप छाबड़ा की अगुवाई में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग शामिल थे। शोभायात्रा में बड़ी स्क्रीन पर गुरू नानक देव के चित्र एवं वाणी का प्रदर्शन किया जा रहा था। रैली में सुसज्जित वाहनों को शामिल किया गया था। शोभायात्रा गुरूद्वारा से गुदरी चौक, जोड़ा पीपल, घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक का भ्रमण करते हुए देर शाम जेल रोड स्थित गुरूद्वारा पहुंची जहां अरदास किया गया। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा एवं पंज प्यारों का पुष्पवर्षा कर फूल-माला से स्वागत किया गया। शोभायात्रा मं शामिल श्रद्धालुओं ने कीर्तन करते हुए शहर का भ्रमण किया। इसके पूर्व रविवार को समाज के लोगों ने प्रभात फेरी निकाली थी तथा कीर्तन करते हुए शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया।

## प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, कई जगहों पर किया गया स्वागत

**बिश्रामपुर।** सिक्ख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर में

- शबद कीर्तन की गूंज से नगर का माहौल हुआ भक्तिमय
- खालसा रूप में सजे पंज प्यारों की अगुवाई ने निकली श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी की पुष्पों से सजी पालकी

सिक्ख समाज व श्रद्धालुओं के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा रविवार की दोपहर 4 बजे गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से जो बोले सो निहाल के जयकारे के साथ प्रारम्भ हुई,खालसा रुप में सजे पंज प्यारे निंदर सिंह, इशरजोत सिंह बग्गा,वीर सिंह,जसप्रीत सिंह,हरमन सिंह खेड़ा एवं निशान साहेब थामे गुरदीप सिंह व प्रिंस बग्गा ने श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी की पुष्पों से सजी पालकी की अगुवाई की,शोभायात्रा गुरुद्वारा रोड-डीएमक्यू कॉलोनी होते हुए,मंगतराम चौक, गौरीशंकर मंदिर रोड, साईं मंदिर,जगन्नाथ मंदिर,अयप्पा मंदिर रोड होते हुए शाम 6 बजे मुख्य मार्ग बस स्टैंड चौक पहुंची,यहाँ से मेन मार्केट भ्रमण कर अम्बेडकर चौक से वापस गुरुद्वारा चौक होते हुए शाम 7 बजे गुरुद्वारा प्रांगण पहुंची,नगर में निकली शोभायात्रा की रूट पर साध संगत व श्रद्धालुओं द्वारा झाड़ू से सफाई कर जल छिड़काव व पुष्प वर्षा की



शोभयात्रा में पंज प्यारे।

जाती रही,स्त्री साध संगत समूह द्वारा सतगुरु नानक परगट्या, कल तारण गुरु नानक आया, इक बाबा अकाल रूप,जित्थे बाबा पैर धरे समेत कई गुरबाणी रूपी कीर्तन किया गया,निरंतर हो रहे शबद कीर्तन की गूंज से नगर का माहौल भक्तिमय हो उठा,युवा समिति द्वारा साईं मंदिर चौक,अयप्पा मंदिर, मंगतराम चौक, बस स्टैंड चौक, अम्बेडकर चौक व गुरुनानक चौक में भव्य आतिशबाजी की गई,शोभायात्रा की देर शाम गुरुद्वारा प्रांगण में वापसी पश्चात पंज प्यारों के जयकारे के साथ शोभायात्रा सम्पन्न हुई,तत्पश्चात गुरुद्वारा में अरदास समाप्ति कराकर गुरु का लंगर श्रद्धालुओं को वितरण किया गया,आयोजन को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह,जसबीर सिंह,मंजीत सिंह भामरा,रणबीर सिंह भामरा,परमजीत सिंह जूनियर, अवतार सिंह मान,इंदरजीत सिंह,मनप्रीत सिंह सोहल,सुखदेव सिंह,सुरजीत सिंह चावला, धनवीर खेड़ा, गुरविंदर माखीजा,इंदरराज भामरा,गगनदीप सिंह बग्गा इकजोत सिंह बग्गा सक्रिय रहे।

### शोभायात्रा का विभिन्न समाज के लोगों ने किया स्वागत



प्रकाश पर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा का स्वागत सर्वप्रथम मंजीत सिंह नारु परिवार द्वारा गुरुद्वारा रोड में प्रसाद की सेवा के साथ किया गया,तत्पश्चात 1बी-1सी कॉलोनी में स्त्री साध संगत, गौरीशंकर मैदान में बख्शीश सिंह मान परिवार, साईं मंदिर समीप सत्य साईं सेवा समिति, जगन्नाथ मंदिर रोड समीप जय जगन्नाथ सेवा समिति,शनि मंदिर समीप श्री अयप्पा सेवा समिति,बस स्टैंड चौक में छठ घाट सेवा समिति,मेन मार्केट में खेड़ा मेडिकल के खुशबीर सिंह खेड़ा,जलतरंग होटल के इंदरजीत सिंह माखीजा परिवार,मंजीत सिंह खेड़ा, जगदीश सिंह बग्गा परिवार,व्यवसाई रामलाल सोनी के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारीगण,विजय मेडिकल के राकेश अग्रवाल एवं तरसेम लाल शर्मा ने पंज प्यारों की सेवा कर अपने प्रतिष्ठानों के सामने अरदास कराई, श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया एवं नगर में आपसी भाईचारा का सन्देश दिया गया।

# शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल में की छापामार कार्रवाई, जांच में खामियां मिलने पर विभाग ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाद्य एवं औषधि विभाग की जांच में एमजी रोड में संचालित मिश्रा स्वीट्स में अधिकारियों ने

- 15 दिन मे कमियां दूर नहीं होने पर लाइसेंस किया जाएगा निरस्त

बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई है। जांच उपरांत विभाग ने होटल संचालक को 10 विषयों पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कमियों में सुधार नहीं करने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।

गुणवत्ताहीन मिठाई सहित अन्य सामग्री का विक्रय करने एवं स्वच्छता की अवहेलना करने संबंधी एक शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने अभिहित अधिकारी नितेश मिश्रा के निर्देशन में 30 अक्टूबर को एमजी रोड में संचालित मिश्रा होटल की जांच की। अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई करते हुए होटल परिसर की गुणवत्ता एवं लाइसेंस की शर्तों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में काफी कमियां मिली जिसपर विभाग ने होटल संचालक श्रीमती रानू मिश्रा को नोटिस जारी कर 15 दिवस के भीतर कमियों को दूर कर जवाब मांगा है तथा दोबारा जांच में कमियां मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।



निरीक्षण के दौरान होटल का कोई भी कर्मचारी एप्रॉन, ग्लब्स, हेड कवर एवं फुट कवर नहीं लगाया था। व्यक्तिगत स्वच्छता की दृष्टि से खाद्य सामग्री के बनाने, परोसने एवं विक्रय के दौरान आवश्यक है। होटल की रसोई में कार्यरत किसी भी कर्मचारी की मेडिकल जांच नहीं कराई गई है। किसी कर्मी को संक्रामक बीमारी होने की स्थिति में उपयोगकर्ताओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। होटल में कीड़े-मकोड़े, कॉकरोच, सर्प, बिच्छु से बचाव के लिए पेस्ट कंट्रोल नहीं पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत लाइसेंस को प्रदर्शित करना आवश्यक है जिसका पालन नहीं किया जा रहा है। जांच के दौरान होटल में खाद्य पदार्थ निर्माण के लिए उपयोग किए जा रहे पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। कीचन में चुल्हे के ठीक ऊपर बल्ब लगाया गया मिला जिससे बनाने के दौरान खाद्य पदार्थों में कीड़े-मकोड़े गिरने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। कीचन का फर्श टूटा हुआ पाया गया जिससे खाद्य पदार्थों में गंदगी आने की संभावना है। इस दौरान दूध, मिठाइयां व अन्य खाद्य पदार्थ खुले में रखे पाए गए। जांच के दौरान डोडा बर्फी व कलाकंद की मिठाई दिगर स्थानों से क्रश करना बताया गया। होटल में दूध विक्रेताओं की सूची भी उपलब्ध नहीं कराई गई। इस संबंध में अभिहित अधिकारी नितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कमियों के संबंध में होटल संचालक को नोटिस जारी किया। 15 दिवस में कमियों का सुधार कर जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# एनएच किनारे दुकान में जा घुसी एक्सयूवी, बाल बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

सोमवार को एनएच 130 पर एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार दुकान में जा घुसी। इस घटना में दुकान का एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों एन चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द आकर दिया है।

बताया जा रहा है कि 3 नवम्बर की दोपहर 3 बजे रायपुर से अंबिकापुर की ओर जा रही तेज रफ्तार एक्सयूवी वाहन के चालक एनएच 130 पर मौजूद मवेशी को बचाने के चक्कर में कार से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार कार लखनपुर के जेएस फेब्रिकेशन दुकान में जा घुसी। इस टक्कर के बाद दुकान के बाहर का चैनल क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही की दुर्घटना के समय दुकान के



कर्मचारी दुकान के अंदर काम कर रहे। इसी कारण कर्मचारी बाल बाल बच गए। सूचना के बाद लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक सहित एक्ससीवी कार को जब्त कर लखनपुर थाने ले गई है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं दुर्घटना कारित करने वाले कार के अंदर से शराब की बोतले, चकना भी पुलिस ने बरामद किया है। बताया जा रहा है कि कार चालक और अंदर बैठे लोग शराब के नशे में धुत थे। इस घटना से दुकान संचालक को लगभग 1 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# जिले की सोसाइटियों में धान खरीदी पर मंडराये संकट के बादल, तालाबंदी होने से पंजीयन व्यवस्था हुई ठप

**बिश्रामपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सीजन के कुछ ही दिन शेष बचे हैं,लेकिन इससे पहले ही सुरजपुर जिले में सहकारी समितियों की तालाबंदी और हड़ताल ने सिस्टम की नींद उड़ा दी है,गौरतलब है कि जिले में 54 धान उपार्जन केंद्र और 47 सहकारी समितियां हैं,जहां सोमवार से ही कामकाज पूरी तरह से बंद पड़ गया है,कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है,जिसके कारण अब किसानों का धान खरीदी पंजीयन,खाद-बीज वितरण और खेत की गिरदावरी प्रक्रिया ठप्प पड़ गई है।तालाबंदी से किसानों की परेशानी चरम पर है,गांवों में फसलें कटकर तैयार हैं,पर खरीदी केंद्रों में सन्नाटा पसरा है,किसानों का कहना है कि सरकार धान खरीदी का दावा तो करती है, पर मैदान में कुछ भी तैयार नहीं है। पंजीयन बंद है,बीज और खाद के लिए सोसाइटी के चक्कर लगा रहे हैं,पर गेट बंद हैं,कई किसानों ने बताया कि एग्री स्टेट पोर्टल में उनके खेतों की जानकारी अधूरी दिख रही है,वहीं पटवारी की गिरदावरी और वास्तविक खेत सर्वे में भारी अंतर आ रहा है,समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, पर तैयारी अधूरी है,अगर यह स्थिति जारी रही तो किसान अपनी उपज कहां बेचेंगे,यह बड़ा सवाल बन गया है,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर प्रदेशभर में 3 से 11 नवंबर तक कार्य बहिष्कार और तालाबंदी की घोषणा की गई है, कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, वे अनिश्चितकालीन आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। हड़ताल का असर पूरे जिले में नजर आने लगा है। हड़ताली कर्मचारियों की मांग है कि धान खरीदी वर्ष 2023-24 की सूखत राशि समितियों को तत्काल दी जाए,आउटसोर्सिंग से कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति की व्यवस्था खत्म करते हुए वर्षों से कार्यरत ऑपरेटरों का नियमितीकरण किया जाए,हर सहकारी समिति को 3-3 लाख रुपए वार्षिक प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए, ताकि समितियां स्वावलंबी बन सकें,कंप्यूटर ऑपरेटरों को 12 माह का वेतन नियमित रूप से देने की पूर्व व्यवस्था फिर से लागू की जाए,संघ पदाधिकारियों के अनुसार प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों में करीब 2729 कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत हैं,जो वर्षों से अस्थायी व्यवस्था में काम कर रहे हैं,वेतन कटौती,समय पर भुगतान न होना और भविष्य की अनिश्चितता से वे बेहद नाराज हैं,छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से शासन को ज्ञापन, पत्र और मांगपत्र भेजे गए, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला है,जब तक सरकार लिखित रूप में आदेश जारी नहीं करती, तब तक हम काम पर नहीं लौटेंगे। ज्ञात हो कि धान खरीदी का समय नजदीक है और अब इस तालाबंदी ने शासन-प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। यदि आंदोलन लंबा खिंचा तो जिले में धान खरीदी सिस्टम का बैलेंस बिगड़ जाएगा,किसानों को धान बेचने में भारी मुश्किलें झेलनी पड़ेंगी।

- सहकारी समिति कर्मचारियों ने अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया शुरू




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# श्री श्याम महोत्सव के अवसर पर श्याम नाम की मेहंदी लगवाने मची धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


शहर में श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्री श्याम महोत्सव के अवसर पर श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। 5 नवम्बर को श्याम महोत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा श्री राम मंदिर से निकाली जाएगी।

- कुर्सी दौड़, तिलक लगाओं सहित अन्य प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

इसके पूर्व समाज के लोगों द्वारा महोत्सव के तृतीय दिवस श्री श्याम नाम की मेहंदी लगाओं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों में श्री श्याम नाम की मेंहदी लगवाने का विशेष उत्साह देखा गया। महिलाओं के साथ-साथ पुरुष भक्त भी बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ श्री श्याम के नाम की मेंहदी लगवाने पहुंचे। संध्या 6 बजे से मंदिर प्रांगण में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही श्याम सेवा मंडल एवं श्याम युवा मंडल के सदस्यों के बीच भी विशेष कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के पश्चात तिलक लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्गों के भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की आंख पर पट्टी बांधकर श्री श्याम जी के चित्र पर तिलक लगाने को कहा गया। जो प्रतिभागी सटीक स्थान पर तिलक लगाने में सफल रहे, उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिताओं के समापन उपरांत महाभोग अर्पण एवं प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात भक्तों के भावपूर्ण भजन एवं संकीर्तन के बीच सायं आरती संपन्न हुई तथा दिन के कार्यक्रम का समापन किया गया। श्याम सेवा मंडल के सदस्यों ने बताया कि 4 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से जिन भक्तों को आज मेंहदी नहीं लग पाई है उन्हें श्याम नाम की मेंहदी लगाई जाएगी। वहीं सायं 7 बजे से भजनों पर नृत्य सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही महिला मंडल द्वारा एक विशेष झांकी प्रस्तुति भी दी जाएगी जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी।




स्वामी जी-93406-38884
21 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411